कार्यालय प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय, बरेली।

विज्ञप्ति

माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद से प्राप्त पत्र सं०- 1928/ S.F.C.M Cell/ Lucknow, Dated 28-02-2026 के निर्गत निर्देशों के अनुपालन में जनपद बरेली में गठित न्यायालय प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय बरेली में तीन परामर्शदाताओं की नियुक्ति की जानी है। जिसके लिए सर्वसाधारण से आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं।

इसके लिए आर्हता यह है कि इस संबंधित व्यक्ति को मनोविज्ञान या समाज शास्त्र मे से किसी एक विषय में स्नातक की डिग्री हो तथा समाज सेवा का अनुभव हो। जो व्यक्ति सामाजिक कार्य में मास्टर डिग्री और पारिवारिक सुलह- समझौते के संबंध में दो वर्ष का अनुभव धारक हो, तो ऐसे व्यक्ति को वरीयता दी जाएगी। विज्ञापन के समय आवेदक की उम्र 35 से 65 वर्ष के मध्य होना चाहिए। वह किसी फौजदारी वाद में दोष सिद्ध नहीं होना चाहिए। उक्त पद पर नियुक्त हेतु माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद द्वारा निर्गत निबंधन एवं शर्तों के अधीन आवेदन विज्ञप्ति के प्रकाशन के उपरांत 15 दिन के अंदर आवेदन पत्र प्रधान न्यायाधीश पारिवारिक न्यायालय, बरेली के नाम पंजीकृत डाक से प्रेषित किए जा सकते हैं अथवा सीधे सदर मुंसरिम को न्यायालय कार्य दिवस पर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत दिनाँक के पश्चात प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। नियुक्त होने वाले सदस्य का कार्यकाल एवं मानदेय राज्य सरकार द्वारा निर्गत निर्देशों के अधीन होगा।

(मो० अशरफ अंसारी)
प्रधान न्यायाधीश
PRINCIPAL JUDGE
पारिवारिक न्यायालय, बरेली।

प्रतिलिपिः-

1. मुंसरिम पारिवारिक न्यायालय, बरेली को सूचना पट पर चस्पा कराने हेतु।
2. केंद्रीय नाजिर कलेक्ट्रेट बरेली को कलेक्ट्रेट की सूचना पट पर चस्पा कराने हेतु।
3. तहसीलदार सदर बरेली को तहसील के सूचना पट पर चस्पा कराने हेतु।
4. निदेशक सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग उत्तर प्रदेश लखनऊ को इस विज्ञप्ति के संबंध में दो दैनिक समाचार पत्रों में निःशुल्क सूचना प्रकाशित कराए जाने हेतु प्रेषित।
5. कंप्यूटर अनुभाग जनपद न्यायालय बरेली को वास्ते वेबसाइट पर संचारित करने हेतु।

14/3/2026

(मो० अशरफ अंसारी)
प्रधान न्यायाधीश
PRINCIPAL JUDGE
FAMILY COURT
BAREILLY

जिला न्यायालय बरेली के पारिवारिक न्यायालय में सुलह समझौता कराने हेतु परामर्शदाता के लिए आवेदन पत्र का प्रारूप

1. पद का नाम .....
2. अभयर्थी का पूरा नाम .....
3. पिता/पति का नाम .....
4. स्थाई आवासीय पता .....
5. पत्राचार हेतु पता .....

फोटो प्रमाणत कराये

मोबाईल नं0 ई–मेल आई0डी0

6. जन्मतिथि
7. दिनांक 06.04.2023 को अभ्यर्थी की आयु ..... वर्ष..... माह..... दिन

जन्मतिथि के लिए हाईस्कूल परीक्षा या सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समकक्ष परीक्षा प्रमाण पत्र की प्रमाणित फोटो प्रति संलग्न करें।

8. शैक्षिक योग्यता उत्तीर्ण परीक्षाओं का उल्लेख करें और प्रमाण पत्रों तथा अंक तालिकाओं की प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें।

शैक्षिक योग्यता का विवरण :–

क0 सं0	परीक्षा/डिग्री	संस्था का नाम	वर्ष	टिप्पणी

9. क्या अभ्यर्थी के विरूद्ध कोई आपराधिक वाद लम्बित है अथवा उसे किसी आपराधिक वाद में दण्डित किया गया है। (यदि हां तो उसका उल्लेख करें।)

घोषणा–पत्र

मैं एतद्द्वारा यह घोषणा करता/करती हूँ कि उपर्युक्त विवरण सूचनाएं सत्य हैं और मैंने कोई तथ्य नहीं छिपाया है यदि कोई विवरण सूचना असत्य अथवा गलत पायी जाती है या कोई तथ्य मेरे द्वारा छिपाया जाना पाया जाता है तो मेरा अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जाये। यदि नियुक्ति हो जाने के उपरांत ऐसी स्थिति प्रकाश में आये तो मेरी सेवाएं समाप्त कर दी जायें।

संलग्नकों की संख्या

1 अंकों

2. विवरण

दिनांक :

अभ्यर्थी के हस्ताक्षर व पता

नोटः– आवेदक द्वारा सभी कालम नियमानुसार भरे जाये तथा समस्त प्रमाण पत्रों व अंक पत्रों की स्वप्रमाणित छायापाति संलग्न की जाये।